






# कामदगिरि परिक्रमा में आरएसएस के स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन

## कामदगिरि प्रमुख द्वार के मदन गोपाल दास महाराज ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 13 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर रविवार को चित्रकूट धाम कर्वी नगर के द्वारा रामघाट बस्ती का विजय दशमी उत्सव व पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन कामदगिरि परिक्रमा में किया गया। मंदिर के महंत महंत डा0मदन गोपाल दास महाराज द्वारा स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया गया।**

इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कामदगिरी के महन्त डॉ मदनगोपाल दास जी महाराज ने कहा कि जिस प्रकार मनुष्य अगर 100 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेता है तो वह देवतुल्य हो जाता है।उसी प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी सौ वर्ष का पूर्ण हो चुका है। इस संगठन को यहाँ तक पहुँचाने वाले वाले स्वयंसेवक भी देवतुल्य कार्यकर्ता है, आज संघ भारत ही नहीं अपितु विश्व के विभिन्न देशों में कार्य कर रहा है। जहाँ समग्र हिन्दू समाज को संगठित करते हुए संस्कृति की रक्षा में अपने अग्रणी भूमिका निभा रहा है।




इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चित्रकूटधाम विभाग के विभाग कार्यवाह संजय जी ने कहा कि 1925 में स्थापित हुआ संघ आज 2025 में शताब्दी वर्ष मना रहा है, संघ ने अपने शताब्दी वर्ष पर समाज के बीच पंच परिवर्तन का प्रण लिया है। जिसमें पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्व का भाव, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य ऐसे भावों के द्वारा संघ का स्वयंसेवक समाज परिवर्तन में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएगा। तत्पश्चात संघ के सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश के साथ परम पवित्र भगवा ध्वज को साथ लेकर कामदगिरि पर्वत के परिक्रमा मार्ग पर पथ संचलन निकाला गया। जहाँ अनुशासन के साथ साथ सभी मुखार बिन्दु पर संघ के घोष द्वारा तीन रचनाओं का वादन व कई स्थानों पर साधू सन्तों द्वारा स्वयंसेवकों के ऊपर पुष्प वर्ष किया गया।

उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौध्दिक प्रमुख अनूप , विभाग प्रचार प्रमुख श्यामसुंदर मिश्र , विभाग शारीरिक प्रमुख महेन्द्र सिंह, जिला प्रचारक लोकेन्द्र , जिला सम्पर्क प्रमुख कुँवर आशीष सिंह , प्रचार प्रमुख लवकुश , नगर प्रचारक रमाकांत, नगर कार्यवाह विजय किशोर , श्याम सिंह परिहार , अक्षत , हर्षित, प्रज्ञान, अभ्युदय, विमल, अभिषेक, अंशुमान आदि सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पीडब्ल्यूडी कार्यालय में कलेक्टर कार्यालय से आए आवेदन भी फेंक दिए जाते हैं रद्दी में

नवभारत न्यूज

**कोटर 13 अक्टूबर। लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी सड़कों एवं भवनों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करवाने में रुचि नहीं दिखा रहे रहे हैं । आरटीआई से बड़ा खुलासा है कि जनसुनवाई एवं लोकनिर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को दिए गए आवेदन भी कार्यालय की फाइलों में उपलब्ध नहीं है।**

जबकि 19/11/19 को एक आवेदन कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सतना को और कलेक्टर सतना की जनसुनवाई में 3/12/19 को आवेदन देकर सतना-सेमरिया, कोटर-बिरसिंहपुर ,अबेर-लखनवाह-बछौरा सड़कों को राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराने की मांग की गई थी। लेकिन पीडब्ल्यूडी अब आरटीआई के जवाब में लिखित जवाब दे रहा है कि कार्यालय में इस संबंध कोई रिकार्ड नहीं है। यानी कलेक्टर कार्यालय से आने आवेदन पीडब्ल्यूडी कार्यालय में रद्दी की टोकरी में फेंक दिए जाते हैं ?। जबकि सड़कें और भवन राजस्व रिकार्ड में दर्ज ना होने से आए दिन विवाद होते हैं।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सांदीपनि नागौद के छात्र प्रथम

नवभारत न्यूज

**नागौद 13 अक्टूबर। रीवा संभाग साहित्यिक प्रतियोगिता बालरंग के प्रश्न मंच में सांदीपनी नागौद के दर्श त्रिपाठी पुत्र सत्येंद्र त्रिपाठी एवं कृष्णकांत पयासी पुत्र प्रदीप पयासी चयनित होकर सोमवार को इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कड़े संघर्ष में लगभग सभी प्रश्नों के सटीक उत्तर कम समय में बताकर प्रथम स्थान हासिल किया ।**

छात्रों ने केवल एक प्रश्न छोड़कर सभी प्रश्नों के सटीक व




सही उत्तर देकर इस उपलब्धि को प्राप्त किया।

दोनों छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य शिवपाल मांझी, उप प्राचार्य रविकरण सिंह बघेल एवं प्रधानाचार्य पंकज जासु एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने सर्किल टाइम में एक साथ प्रसन्नता व्यक्त की एवं माता-पिता व छात्रों को बधाइयां प्रेषित की। उक्त सफलता से छात्रों ने विद्यालय ही नहीं अपितु पूरे रीवा संभाग का नाम रोशन किया है।

# किराया मांगने पर बस कंडक्टर से मारपीट, कंडक्टर गंभीर

नवभारत न्यूज

**कोटर 13 अक्टूबर। टीकर से नागौद जाने वाली बैसवाडा ट्रेवल्स की बस में कंडक्टर के साथ यात्री ने मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में कंडक्टर का तीन जगह से हाथ फैक्चर हो गया है और उनकी हालत गंभीर है।**

मारपीट का वीडियो सीसी टीवी फुटेज से आया सामने आया है। फरियादी दीपक मिश्रा पिता संतोष कुमार मिश्रा उम्र 19 वर्ष निवासी निमहा थाना सभापुर जिला (म.प्र.) का हमराह? सतेन्द्र गौतम के उपस्थित थाना आकर जुबानी रिपोर्ट किया कि मेरे पिता संतोष कुमार मिश्रा बैसवाडा ट्रैवेल्स मे कंडक्टर का काम करते हैं।

बस का ड्राइवर डब्लू साकेत नि. टीकर था। बस टीकर से नागौद चलती है। दिनांक 8.10.2025 को मेरे पिता बैसवाडन ट्रैवेल्स कि बस में नागौद से टीकर जा रहे थे। बस में प्रहलाद मिश्रा उर्फ मनोज निवासी रिमारी का सतना से बस में चढ़ा और किराये को लेकर विवाद करने लगा। जब समय



करीबन 5.40 बजे बस रिमारी नदी के पास पहुंची तो प्रहलाद मां बहन की बुरी बुरी गाली देते हुए मेरे पिता संतोष मिश्रा से लपटने लगा। मेरे पिता उसको गाली गलौज करने से मना किये तो वह और गाली गलौज देते हुए बोला बहुत किराया मांगता है, तुझे जान से खत्म कर देंगे और उनको बस के नीचे ले जाकर हाथ मुक्का व लाठी से मारपीट किया है।

मारपीट से पिता जी के दाये हाथ में गंभीर चोट, बाये तरफ पसली में चोट आई। तब मुझे फोन से मारपीट कि सूचना मिली तब मैं और मेरा छोटा भाई सूरज मिश्रा रिमारी से अपने पिता को लेकर बिरसिंहपुर आये जहाँ पर सरकारी अस्पताल में पिता का इलाज कराये व चोट ज्यादा होने से उनको तत्काल जिला अस्पताल सतना इलाज हेतु भर्ती कराया। थाना रिपोर्ट करने नहीं आ पाया था। अभी पिता जी का इलाज पाठक नर्सिंग होम में चल रहा है। बस में हुई घटना का वीडियो भी है। रिपोर्ट करता हूँ। कार्यवाही की जाये। रिपोर्ट पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा 296, 115(2), 351 (3) बीएनएस का घटित होना पाये जाने से अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया।

## एक नजर में



### ग्रामों में भ्रमण कर पूर्व विधायक कल्पना वर्मा जनता से हुई रुबरू

**कोठी** ।रैगांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने आज रैगांव विधानसभा के कई ग्रामों में भ्रमण कर क्षेत्र की जनता से रूबरू होते हुए उनका हाल-चाल जाना खनगढ़, पुराना महतैन, मेढकानी, बंधा महतैन एवं उसरार सहित कई अन्य गांवों का भ्रमण कर आमजन एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल समाचार लेते हुए उनकी समस्याएं सुनी एवं क्षेत्र में शोक संतृप्त परिवारों के परिजनों से भेंट मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की इस दौरान उनके साथ कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### सांदीपनी उच्चतर मा विद्या मझगवां के प्राचार्य ने अविभावकों से किया संपर्क

**मझगवां**। आज दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझगवां के प्राचार्य राजेंद्र उपाध्याय ने पडवनिया एवं रामनगर खोखला पहा? ग्रामों का भ्रमण कर अभिभावकों से संपर्क किया एवं विद्यालय द्वारा जाने वाली बसों की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी विद्यालय के अजय सिंह ड्राइवर गणेश सिंह एवं अभिभावक भवानी दीन, जय लाल , बाबूलाल, राम मनोहर, शिवशरण आदि लोग उपस्थित रहे ।

### पंचगव्य पर दिल्ली में आयोजित सेमिनार में भाग लेंगे मनोज सिंह

**नागौद** । तृतीय राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन- गौ - पंचगव्य आधारित



अर्थव्यवस्था एवं अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर डॉ. बी.आर .अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, जनपथ, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जी सी सी आई मध्यप्रदेश जिला सतना के अध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह को आमंत्रित किया गया है। पंचगव्य से पंच परिवर्तन कि यह यात्रा हम सभी ही हितधारकों को समृद्ध एवं विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के साथ भारत को परम वैभवी भारत बनाने हेतु प्रेरित और प्रोत्साहित करेगा ।




### जनपद सभापति विनोद तिवारी ने बिहरा पहुंचकर क्रिकेट खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**कोटर** ।रामपुर बघेलान के जनपद सभापति विनोद तिवारी ने आज बिहरा गांव का दौरा किया, जहाँ उन्होंने स्थानीय युवाओं द्वारा आयोजित क्रिकेट मैच का आनंद लिया।उनके आगमन से गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।खेल के प्रति अपनी रुचि को दर्शाते हुए श्री तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई और आश्वासन दिया कि जनपद स्तर पर खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने जनपद सभापति का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और विजेता टीम को पुरस्कार भी वितरित किए मैच का आयोजन जय सिंह संदीप सिंह के द्वारा आयोजित किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि जनपद सदस्य विनोद तिवारी विशिष्ट अतिथि ललित सिंह संजय तिवारी अभिताप मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भूख हड़ताल का समर्थन करने पहुंचे पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह




नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 13 अक्टूबर। मैहर के धतूरा में बन रहे नवीन कलेक्ट्रेट भवन के विरोध में अमरपाटन में न्यायालय परिसर में चल रहे अधिवक्ता संघ के भूख ह?ताल के अनशन स्थल में पहुचकर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष व विधायक डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह मंच से संबोधित कर कहा की अमरपाटन मार्ग में होना चाहिए कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण अमरपाटन वा रामनगर के साथ ही साथ मैहर की जनता के लिए सुगमता होगी।**

साथ अमरपाटन रामनगर दो तहशीलों के साथ-साथ दो नगरपरिषद भी है और दोनों जगहो पर शासन प्रशासन वा मैहर के तथाकथित स्वार्थ परायण नेताओं के स्वार्थ पूर्ति वा महत्वाकांक्षा कभी पूरी नहीं होने दी जाएगी बल्कि जन सहमति के साथ कलेक्ट्रेट भवन के साथ अन्य जिला कार्यालयों की स्थापना होनी चाहिए।

इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्गयक्ष समेत संघ के समस्त पदाधिकारियों अधिवक्ताओं के साथ नगरपरिषद रामनगर की अध्यक्षा दीपा दीपू मिश्रा अमरपाटन नगरपरिषद अध्यक्ष समर सिंह समेत बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एव जनता की मौजूदगी रही।

# अमरपाटन अवैध शराब पैकारी के विरुद्ध कांग्रेस का हल्ला बोल

अमरपाटन अमरपाटन क्षेत्र में शराब की अवैध पैकारी को लेकर पूर्व मंत्री व विधायक डॉ राजेंद्र कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ दिया शराब दुकान के सामने मंच लगाकर धरना अमरपाटन कांग्रेस का धरना पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष व विधायक ने कहा क्षेत्र में जब तक शराब की अवैध पैकारी बंद नहीं हो जाती तब तक धरना जारी रहेगा गौर तलब हो कि अवैध पैकारी को लेकर पूर्व में भी विधायक श्री सिंह ने पुलिस अधीक्षक वा उच्च अधिकारियों को पत्र। लिख कर क्षेत्र अवैध रुप से शराब की की जा रहीं अवैध पैकारी के चलते क्षेत्र नशे की गिरफ्त में आने से परिवार तबाह हो रहें हैं उसके बाद भी संबंधित विभागों द्वारा कोई कदम ना उठाये जाने के चलते यह कदम उठाया गया है।




# सड़क पर गंदगी फैला कर अव्यवस्था फैला रहे लोग

नवभारत न्यूज

**कोठी 13 अक्टूबर। नगर परिषद कोठी द्वारा एक ओर स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं और लगातार लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा है परंतु स्थानीय निवासी एवं व्यापारी इस पर सहयोग प्रदान नहीं कर रहे हैं ।**

लोग अपना व्यापार करने के बाद गंदगी और कचरा सड़क पर ही फेंक देते हैं जिससे उस गंदगी को गोवंश आकर खाता है और सभी जगह फैलाता है जिससे देखने में भी खराब लगता है और दुर्गंध भी फैलती है जिससे स्वच्छता सर्वेक्षण को ग्रहण लगता



है नगर परिषद कोठी द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के के तहत कचरा संग्रहण के लिए सुबह कचरा गाड़ी भी घर-घर दस्तक देती है और अलाउंस भी कराया जाता है साथ ही जगह-जगह वॉल पेंटिंग व अन्य माध्यमों से भी लोगों को जागरूक किया जाता है की कचरे को सभी डस्टबिन में रखें गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग रखें और गंदगी सड़क पर ना फैलाएं इसके लिए समय-समय पर अपील भी की जाती है और समाचार पत्रों में भी विज्ञापन लगाया जाता है।

साथ ही लोगों से भी सहयोग की अपेक्षा की जाती है परंतु लोग सहयोग करने की बजाय अव्यवस्था फैलाते हैं फुटकर दुकानदार ठेले व्यवसायी सभी अपना व्यवसाय करने के उपरांत उस निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में रखने की बजाय सड़क पर ही फैला देते हैं जिससे गंदगी फैलती है और वातावरण दूषित होता है जिममें अधिकारियों को चाहिए कि इस पर संज्ञान ने और असहयोग करने वाले लोगों को चिन्हित कर चलानी कार्रवाई करें जिससे कि एक नगर में एक शख्त संदेश जाए क्योंकि एक ओर प्रशासन इस काम के लिए धनराशि भी खर्च करता है और लगातार प्रयासरत है परंतु लोग स्वच्छता के कार्य में सही ढंग से सहयोग प्रदान नहीं करते हैं।

# सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए पवैया सरपंच पति राकेश सिंह बबलू का ईलाज जारी

नवभारत न्यूज

**कोठी 14 अक्टूबर।ग्राम पंचायत पवैया के सरपंच पति राकेश सिंह बबलू सड़क दुर्घटना में विगत दिनों गंभीर रुप से घायल हो गए हैं ।वाहन क्रमांक एमएच 40 सीडी 6916 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटर साइकिल पर सिंहपुर टोल प्लाजा के पास जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए ।**

उनके पैर में कई जगह से फैक्चर है व शरीर में कई अन्य जगह चोंटे आई हैं जिनका इलाज सतना के बिरला हॉस्पिटल पर जारी है उनके मित्रों एवं चाहने



वालों ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना प्रभु से की है। राकेश सिंह बबलू एक समाजसेवी व्यक्ति और व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं उनके दुर्घटना होने का समाचार सुनकर क्षेत्रवासी काफी दुखी हैं और उनसे मिलने के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं और प्रभु से कामना कर रहे हैं कि सब की दुआओं से जल्द ही वह स्वस्थ होकर हम सब के बीच होंगे।

# पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का निर्माण अभी तक नहीं, की जा रही उपेक्षा

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 13 अक्टूबर दीपावली में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग को लेकर प्रशासन द्वारा उपेक्षा की जा रही है स इस मार्ग पर एक लाख से अधिक श्रद्धालु पैदल गुजरते हैं लेकिन इधर कोई ध्यान देने वाला नहीं है।**

बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से पैदल यात्रियों के लिए मूलभूल सुविधाएं मयस्सर कराए जाने का अनुरोध किया है। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि दीपावली में सैकड़ों वर्षों से लोग पंचकोसी परिक्रमा करते आये हैं स यह श्रद्धालु कलेक्ट्रेट मार्ग से गणेशबाग होते हुए सिद्धपुर गाँव और फिर बाँकेसिद्ध से देवाँगना होते हुए हनुमानधारा से पैदल नीचे उतरकर तीर्थनगरी पहुंचते हैं स बाँकेसिद्ध आश्रम की सीढ़ियों में अगल बगल बांस और चारे की सफाई जरूरी है स इसके अलावा रास्ते में भी लगभग 5 सौ मीटर तक दोनो ओर चारे की सफाई की आवश्यकता है स सिद्धपुर मार्ग जगह . जगह गड्ढों में तब्दील है स गड्ढों को पाटने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत की गई जिसपर विभाग ने गड्ढों को जल्द पाटने की बात कही लेकिन अभी तक काम शुरु नहीं किया ।

# पटाखा व्यापारी सभी मापदंडों का पालन कर ही दुकान लगाएं

नवभारत न्यूज

**कोठी 13 अक्टूबर। थाना प्रभारी गिरजा शंकर बाजपेई ने कोठी के समस्त पटाखा व्यापारी व आम व्यापारियों सहित आमजन से अपील करते हुए कहा है कि आगामी दीपावली त्यौहार में सभी लोग व्यवस्था को बनाकर अपना व्यापार करें।**



सभी मापदंडों का पालन


करते हुए पटाखा दुकानदार अपनी दुकान लगाएं व सुरक्षा की दृष्टि से सावधानी बरते ,गैस भट्टी ,होटल बिल्डिंग की दुकान के आसपास दुकान बिल्कुल ना लगाएं किसी प्रकार की की दुर्घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें व आवागमन को प्रभावित न होने दें।

# आज की परिस्थितियों में परशुराम बनना भी शोभता है : रामलला चार्य

नवभारत न्यूज

**अमदरा 13 अक्टूबर।झुकेही में शिक्षक केशव प्रसाद परौहा के गृह में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण के आज तृतीय दिवस की कथा में मानस पीठ खजुरीताल से पधारे हुए जगद्गुरु स्वामी श्री रामलला चार्य जी महाराज न कहा कि देश, काल और वातावरण की अपनी गरिमा, साफल्य और सीमा होता है। हमारे और मानव मात्र के आदर्श स्वरूप श्री राम हैं। लेकिन राम के रामत्व की रक्षा के लिए गरुण, लक्ष्मण, परशुराम, हनुमान जी जैसा चरित्र भी आवश्यक है।**

देश, काल और वातावरण के कारण जहां जिस तरह की आवश्यकता हो वहां वैसा बन जाइए। जब गाय और अन्य निस्सहाय-निर्दोष पशुओं पर विप्पत्ति आए तत्काल परशुराम जी को आदर्श बनाइए। यदि विपत्ति का कारण कोई ब?ी अव्यवस्था-अनीति हो तो स्वयं को कृष्ण के पथ का अनुयायी बनाइए। यदि धर्म को कोई कुदृष्टि युक्त सर्प बंधन में डाल दे, तो गरुण जी को याद कीजिए। यदि न्याय संबंधित विचार में कोई बाधक हो तो लक्ष्मण जी के चरित्र का स्मरण करिए... अन्याय देखते ही जो किसी का भी



विरोध प्रकट करने से नही चूकते। जनक जी की सभा मे लक्ष्मण जी ही थे जिन्होंने वीर विहीन भूमि संबंधित बात का तत्क्षण विरोध किया, यह सोचे बिना कि राजसभा है-सभी राजा उपस्थित हैं।

हनुमान जी की क्या कहें वो तो सब गुणों से युक्त हैं और सर्वसमर्थ हैं, लेकिन राम जी की आज्ञा में अडिगता सीखनी है तो हनुमान जी महाराज से सीखिए। ऐसे हजारों महापुरुष-भक्त-संत आपको भारत की भूमि में ही मिलेंगे। धर्म के रक्षार्थ हमे ऐसे आदर्शों की आवश्यकता है। निवेदन करूं, रामो विग्रहवान् धर्मः साधुः सत्यपराक्रमः। राम स्वयं धर्म स्वरूप है। राम जी को किसी भी तरह की रक्षा की आवश्यकता नहीं है लेकिन हमारा कर्तव्य है जब कोई हमारे अनुशासन-हमारी शालीनता में उंगली उठाए तो उसे प्रशासन की सक्षमता दिखानी चाहिए। अनुशासन हमारे स्वयं के लिए है,

लेकिन आवश्यकता प?ने पर प्रशासन के बल से सम्पन्न होना चाहिए। और निवेदन करूँ, राम राज केवल प्रशासन नहीं है सुशासन भी है। समुचित व्यवस्था के संचालन के लिए हमे समुचित अनुशासन की आवश्यकता प?ती है। माता शबरी बनेंगे तो राम को मार्ग सुझाने का अवसर मिलेगा और हनुमान बनेंगे तो राम के लिए उचित मार्ग बनाने का अवसर मिलेगा, हमारा सनातन धर्म आपको आपकी रुचि अनुरूप भी विविध संभावनाएं देता है। ऐसी उन्मुक्तता हमारे यहां ही हो सकती है, लेकिन इस उन्मुक्तता में भी अपने स्वविवेक से आप और हम अनुशासन में रहते हैं यह हमारे यहां का सौंदर्य है।